मेरठ में आयोजित रैली में मुख्यमंत्री और कांग्रेस उपाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बसपा पर निशाना साधा

# राहुल-अखिलेश बोले, उत्तर प्रदेश में हमारी आंधी

**हमला बोला**

मेरठ | हिन्दुस्तान टीम

मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को मेरठ के नौचंदी मैदान में जनसभा को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा कि यूपी में जैसे ही सपा-कांग्रेस का गठबंधन हुआ, वैसे ही प्रदेश में आंधी आ गई। हवा तेजी से चलने लगी। इससे पता चलता है कि यूपी में गठबंधन की आंधी चल रही है। ये आंधी पीएम मोदी को, बीजेपी को, मायावती को हराने का काम करेगी।

**साइकिल और तेज:** इससे पूर्व अपने भाषण में मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि अब साइकिल और हाथ का साथ है तो ऐसे में साइकिल पहले के मुकाबले और तेजी से आगे बढ़ेगी।



मेरठ में मंगलवार को चुनावी रैली के दौरान बात करते कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी और यूपी के सीएम अखिलेश यादव। • हिन्दुस्तान

राहुल ने मंगलवार को कहा कि कुछ समय पहले अखिलेश और मैंने यूपी में एक गठबंधन खड़ा किया। जैसे ही हमने हाथ मिलाया। एक सेकंड के बाद आंधी आ गई। ये आंधी पीएम मोदी को, बीजेपी को, मायावती को हराने का काम करेगी।

**अपराध पर नहीं बोले राहुल-अखिलेश :** मंगलवार को सभा में अखिलेश यादव ने अपराध पर बोलने के बजाए सिर्फ एंबुलेंस के साथ डायल 100 की बात कही। राहुल गांधी ने भी कानून व्यवस्था के मुद्दे के छुआ नहीं।

## 'मोदी का 'कंपनी राज' खत्म करेंगे'

**मेरठ।** रैली में राहुल गांधी ने कहा कि मेरठ क्रांतिकारियों का शहर है। अंग्रेजों को सबक सिखाया था। आपने कंपनी राज को हराया था। आज भी पीएम मोदी नए तरीके का कंपनी राज ला रहे हैं। यूपी के किसानों को पैसा नहीं मिला। कर्जा माफ नहीं किया। जो यहां बैट बनाते हैं उनके साथ न्याय नहीं हुआ।

राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार ने जब आपको लाइन में खड़ा किया तो उसमें कोई अमीर व्यक्ति नहीं था। कोई सूट-बूट वाला नहीं था। 50 परिवारों को हिन्दुस्तान का 60 प्रतिशत धन दिलवा दिया। पीएम ने कहा था दो करोड़ युवाओं को रोज़गार मिलेगा लेकिन किसी को नहीं दिया। पीएम ने अच्छे दिन नहीं दिए।

## 15 हजार ही खाते में डलवा दें : सीएम

**मेरठ।** राहुल गांधी से पहले अपने संबोधन में मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि अब साइकिल के हैंडल पर हाथ का साथ है तो ऐसे में साइकिल पहले के मुकाबले और तेजी से आगे बढ़ेगी। सीएम ने कहा, यह चुनाव यूपी के भविष्य का चुनाव है। हम 300 सीटों से पार जाएंगे।

नोटबंदी पर अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोगों को लाइन में लगा दिया। लोगों को परेशानी में डाल दिया। अब तो सभी पुराने नोट बैंक में जमा हो गए हैं। अब तो बीजेपी वाले कम से कम 15 लाख नहीं तो 15 हजार ही खाते में डलवा दें।

**चुनावी हलचल**

## अमनमणि लड़ेंगे चुनाव अदालत से मांगा पैरोल

**गाजियाबाद।** डासना जेल में बंद पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी के बेटे अमन मणि त्रिपाठी ने विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए अदालत से पैरोल मांगा है। मंगलवार को सीबीआई की अदालत में अधिवक्ता ने नामांकन करने के लिए पैरोल का प्रार्थना पत्र दिया। अदालत ने सुनवाई के लिए 10 फरवरी की तारीख तय की है।
वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर त्यागी ने बताया कि अमनमणि त्रिपाठी विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं। महाराजगंज के नौतनवां विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरना है। नामांकन की आखिरी तारीख 14 फरवरी है। फिरोजाबाद के सितारगंज थाना क्षेत्र में हाईवे पर 9 जुलाई 2015 को अमनमणि त्रिपाठी के साथ कार में सवार उनकी पत्नी सारा सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। मृतका की मां सीमा सिंह ने 17 जुलाई 2015 को सिरसागंज थाने में तहरीर देकर हत्या का ओराप लगाया। सीमा सिंह की मांग पर मामले की सीबीआई जांच चल रही है। सीबीआई ने 25 नवंबर को अमनमणि को किया गिरफ्तार किया था। सीबीआई की अदालत से अमनमणि की जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है।

## गडकरी ने मांगा उत्तराखंड की जनता का साथ

**गोपेश्वर।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को कांग्रेस ने भ्रष्टाचार से कलंकित किया। अब राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर उत्तराखंड को संपन्न राज्यों की श्रेणी में लाया जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने उत्तराखंड को बेहतर राज्य बनाने का जो सपना देखा है उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से पूरा किया जाएगा। प्रत्याशी महेंद्र भट्ट के पक्ष में जनसभा में जुटी भीड़ से गदगद गडकरी ने कहा कि चार धाम वेदर रोड को समय पर पूरा किया जाएगा।

## विधायक और भाजपा प्रत्याशी उपेन्द्र तिवारी पर केस

**गड़वार (बलिया)।** नामांकन करने के लिए जुलूस लेकर निकले फेफना के विधायक व भाजपा उम्मीदवार उपेन्द्र तिवारी के खिलाफ पुलिस ने मंगलवार को मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया। इस मामले में उनके भाई व एक समर्थक को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है। गड़वार निवासी विजय बहादुर सिंह उर्फ छोटक ने पुलिस को दी गयी तहरीर में लिखा है कि दोपहर 12 बजे उपेन्द्र तिवारी का काफिला आ रहा था। उसी दौरान विधायक के लोगों ने उसे दौड़ा लिया। कुछ लोगों के बीच-बचाव के बाद मेरी जान बच सकी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विधायक उपेन्द्र तिवारी, उनके भाई कमलेश तिवारी व प्रिंस राय के खिलाफ धारा 323, 324, 504, 506, 147 व 148 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जलजला तो 11 मार्च को आएगा : ओवैसी

हसनपुर/संभल | हिन्दुस्तान टीम

गंगवार में जनसभा को संबोधित करते हुए एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदउद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को कहा कि जलजला तो 11 मार्च को आएगा, क्योंकि भाजपा को बहुमत नहीं मिलेगा।

कार्यक्रम में दो घंटे की देरी से पहुंचे ओवैसी की 35 मिनट की तकरीर में 30 मिनट सपा सरकार व मुख्यमंत्री निशाने पर रहे। उन्होंने कहा कि सपा ने चुनावी घोषणा-पत्र में वादा किया था कि मुस्लिमों को 18 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा, लेकिनअब झूठ बोलकर इसे नकार रहे हैं। तर्क दे रहे हैं कि संवैधानिक मजबूरियों के कारण ऐसा नहीं हो सकता। मुस्लिम शिक्षा-विकास में काफी पीछे हैं और यूपी सरकार ने काम नहीं किया है।

उन्होंने कहा कि विकास सिर्फ सैफई, मैनपुरी व इटावा में हुआ है। एक रिपोर्ट का हवाला देकर उन्होंने कहा कि इस सरकार में 3 वर्ष के भीतर 10 हजार दंगे हुए हैं। पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष इरफान उल्लाखान व प्रवक्ता शादाब चौहान ने भी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सभा में भारी भीड़ रही। राहत करीम खां, प्रत्याशी नौशाद अली, शौकत अली, साकिब आदि मौजूद थे।



संभल के नगर पालिका मैदान में जनसभा को संबोधित करते एआईएमआईएम अध्यक्ष असदउद्दीन ओवैसी। • हिन्दुस्तान

## कारसवारों ने की स्टेटिक टीम से हाथापाई

संभल | हिन्दुस्तान संवाद

संभल आते समय एआईएमआईएम अध्यक्ष असदउददीन ओवैसी के काफिले में शामिल कारों की चेकिंग के दौरान कार सवार युवक स्टेटिक मजिस्ट्रेट से भिड़ गये। नोकझौंक के बाद युवक हाथापाई पर उतर आए। कार सवारों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने और अभद्रता का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

एआईएमआईएम अध्यक्ष असदउददीन ओवैसी मंगलवार को संभल में जनसभा को संबोधित करने के लिए आ रहे थे। इसी दौरान संभल मुरादाबाद मार्ग पर फिरोजपुर पुल के नजदीक स्टेटिक मजिस्ट्रेट आशुतोष चौबे ने ओवैसी के काफिले को चेकिंग के लिए रोक लिया। औवेसी की कार की तलाशी टीम ने ले ली और फिर उनके पीछे चल रही कारों की तलाशी का सिलसिला शुरु किया। स्टेटिक मजिस्ट्रेट का कहना है कि पीछे वाली कार की तलाशी में उसमें लगा हूटर उतारने को कहा गया तो चालक व अन्य लोग भड़क गए और आरोप-प्रत्यारोप शुरू कर दिए।

# रालोद ने जारी की 38 उम्मीदवारों की सूची

**लखनऊ।** रालोद ने विस चुनाव के लिए उम्मीदवारों की 15वीं सूची जारी कर दी है। इसमें 38 उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है। रालोद प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मसूद अहमद की ओर से जारी सूची के मुताबिक जगदीशपुर से सुमेर, लम्भूहा अरविंद यादव, प्रतापपुर सुरेश मौर्या, पयागपुर राना प्रताप सिंह, उतरौला मार्कंडेय मिश्रा, गौरा वैभव पांडेय को टिकट दिया गया है। गोरखपुर सदर से सुमन सरोज, बासगांव अनिल भारती, कुशीनगर मनीष कुमार गुप्ता, सगड़ी दयाशंकर भट्ट, आजमगढ़ सदर पतिराम यादव, निजामाबाद डॉ. राजेश्वरी पांडेय को टिकट दिया गया है।प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि इसके अलावा दीदारगंज से राम सिंह यादव, मेहनगर रामदुलारे राम, मधुबन भिरगुन यादव, मुहम्मदाबाद गोहना सुभाष चंद्र, मऊ सदर जितेंद्र राजभर, बेल्थरा राजमणि राम, रसड़ा बलिया संतोष कुमार गौतम को उम्मीदवार बनाया गया है। सिकंदरपुर से अजीत कुमार पांडेय, बलिया सदर मिथिलेश पांडेय को टिकट दिया है।

## केंद्र ने उत्तराखंड का अहित किया :मनीष

**देहरादून।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार को उत्तराखंड की सौतेली मां करार दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र ने पहले बजट रोक कर और बाद में चुनी हुई सरकार गिरा कर उत्तराखंड को नुकसान पहुंचाया है। इस अपमान का बदला चुनाव में उत्तराखंड की जनता भाजपा से लेगी।

## चोरी मेरे घर और माल भाजपा में बरामद : रावत

**चंपावत/अल्मोड़ा/लालकुआं।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री हरीश रावत ने मंगलवार को कहा कि मैं विपक्ष के हमले से नहीं घबराता। पहाड़ के मडुवे जैसा हूं, जितना मुझे कूटोगे मैं उतना ही निखरूंगा। कांग्रेस से बगावत कर भाजपा में शामिल हुए नेताओं पर उन्होंने केंद्र सरकार को भी आड़े हाथों लिया। कहा कि, चोरी मेरे घर में हुई, माल बरामद भाजपा में हुआ और मुकदमा मुझ पर लगाया गया। इसके लिए दिल्ली में बैठे थानेदार को धन्यवाद। अमोड़ी में में आयोजित सभा में कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य सरकार का गला काटा।

# चुनाव के बाद सीएम का करेंगे ऐलान : शाह

**उत्तराखंड**

रामनगर/पौड़ी/घनसाली | हिटी

भाजपा में मुख्यमंत्री के लिए चल रही नामों की चर्चाओं पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने विराम लगा दिया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा पूर्ण बहुमत से उत्तराखंड में सरकार बनाएगी। इसके बाद ही उत्तराखंड के सीएम के नाम की घोषणा की जाएगी।

मंगलवार को रामपुर में एमपी इंटर कॉलेज में हुई जनसभा को संबोधित करने आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह उत्तराखंड में भाजपा के सीएम को लेकर चल रही चर्चाओं पर गंभीर दिखे। संबोधन में पार्टी के शीर्ष नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड विषम परिस्थितियों वाला राज्य है। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नजर रहती है। आपदा के वक्त भी पीएम नरेंद्र मोदी पल-पल का जायजा ले रहे थे। शाह ने कहा कि उत्तराखंड राज्य अलग होते समय कांग्रेस ने इसका विरोध किया था। बावजूद इसके अटल बिहारी जी ने उत्तराखंड को यूपी से अलग कर दिया।

**हरिद्वार में मोदी की रैली 10 को :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 फरवरी को ऋषिकुल मैदान में रैली को संबोधित करेंगे। रैली दोपहर 12 बजे से शुरू होगी।



### राज्य के विकास के लिए वोट दें

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने घनसाली और पौड़ी में जनसभाओं को संबोधित कर उत्तराखंड में भाजपा सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता सत्ता परिवर्तन के लिए नहीं, बल्कि उत्तराखंड के विकास के लिए वोट दें। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में पहाड़ की आकांक्षाओं और जरूरतों को पूरा करने वाली सरकार चाहिए।

### ऊर्जा क्षेत्र में भ्रष्टाचार की जांच होगी : पीयूष गोयल


**देहरादून।** कांग्रेस सरकार में ऊर्जा क्षेत्र के तीनों निगमों में हुए भ्रष्टाचार की भाजपा सत्ता में आने पर जांच कराएगी। चुनाव प्रचार को दून में आए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस की हरीश सरकार के राज में सिर्फ भ्रष्टाचार ही हुए हैं। ऊर्जा क्षेत्र के प्रोजेक्टों के टेंडर में भी बहुत ही भ्रष्टाचार हुए। इन सभी की भाजपा सत्ता में आते ही जांच कराएगी।

# पलायन कराने वाले गुंडे जेल जाएंगे : राजनाथ

मेरठ/शामली | मुख्य संवाददाता

केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को प्रथम चरण के मतदान वाले तीन जिलों में चार जनसभाओं को संबोधित किया। सबसे अहम सभा पलायन के लिए चर्चित कैराना क्षेत्र में हुई जहां अपेक्षा अनुरूप राजनाथ सिंह ने पलायन मुद्दे को लेकर प्रदेश की खराब कानून-व्यवस्था पर प्रहार किए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आने पर पलायन को मजबूर करने वाले गुंडे जेल में होंगे। हम उनकी खाट खड़ी कर देंगे। भाजपा सरकार आने पर बिजली बिल में बड़ी राहत एवं क्षेत्र के लोगों पर दर्ज फर्जी मुकदमों को वापस लेने, किसानों के कर्ज माफी की घोषणा की।

कैराना के चौसाना, बुढ़ाना के चरथावल, बिरालसी और किठौर के सिसौली में आयोजित जनसभाओं में केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने सपा और कांग्रेस गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए अखिलेश और राहुल गांधी को आड़े हाथ लिया। राहुल गांधी के प्रदेश में चलाए गए खाट कार्यक्रम पर उन्होंने कहा कि जिन्होंने चुनाव से चार महीने पहले ही खाट पकड़ ली हो वह क्या करेंगे। दोनों ने एक-दूसरे की कमजोरी को समझा, इसलिए एक हुए लेकिन जिनकी बैसाखी कमजोर हो वह क्या मजबूती से चलेंगे।



### सपा और बसपा पर धर्म और जाति की राजनीति का आरोप

उन्होंने जनता से सवाल दागा कि जिस प्रदेश में हुकुमत हो क्या वहां पलायन होना चाहिए। जिस दिन भाजपा की सरकार बनेगी उस दिन गुंडे बदमाशों की खाट खड़ी कर देंगे। उन्होंने वादा किया किया कि भाजपा की सरकार बनने पर तीन से छह माह के अंदर समस्त गन्ना भुगतान किया जायेगा और आगे से चौदह दिन के अंदर भुगतान की व्यवस्था की जायेगी। लघु और सीमांत किसानों का कर्ज माफ और उन्हें बिना ब्याज के ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। युवाओं को रोजगार के लिए एक हजार करोड़ रुपये का अलग से कोष स्थापित कियाजायेगा। बालकों के लिए इंटर तक की निशुल्क शिक्षा और इंटर में पचास फीसदी अंक प्राप्त करने पर ग्रेजुएट की निशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी।

## जो हक देगा, उसी के साथ : जव्वाद



**अमरोहा।** धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि जो मुस्लिम समाज को उसका हक देगा उसी के साथ समाज खड़ा होगा। सपा और कांग्रेस ने मुस्लिम समाज के साथ धोखा किया है। इन्होंने मुस्लिमों को वोट बैंक समझा और जीतने के बाद मुंह मोड़ लिया। इन्होंने हमारी कौम के लोगों को न नौकरी दी और न सुरक्षा व आर्थिक सहूलियत। अब मुस्लिम इनकी राजनीति को समझ गए हैं।

मंगलवार को उप्र शिया-सुन्नी उलेमा फ्रंट की ओर से निशा पैलेस में आयोजित पत्रकार वार्ता में मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि कांग्रेस ने कभी हमारी कौम का भला नहीं किया। सपा भी इसी राह पर चल रही है और सपा सरकार ने कोई भी वादा पूरा नहीं किया। मुजफ्फरनगर दंगे के बाद 30 हजार मुस्लिम आज तक घर नहीं पहुंचे और सपा कहती है कि हमने मुआवजा दे दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के राज में 500 दंगे हुए हैं। प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है और कानून व्यवस्था की खराब स्थिति है। मुजफ्फरनगर में नफरत का बीज बोया गया। अब मुस्लिम इनके धोखे में आने वाला नहीं है। हमारा मकसद सूबे को साफ-सुथरी सरकार देना है।


**कार्यालय विकास अधिकारी, पंचायत समिति, रामसर जिला बाड़मेर**

टेलीफोन नंबर : 02985-270017 ईमेल - bdoramsar@gmail.com
क्रमांक : पंसरा/टेण्डर/2016-17 दिनांक

**निविदा सूचना संख्या : 01/2016-2017**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से कार्य **पंचायत समिति रामसर (जिला बाड़मेर) के भवन का निर्माण कार्य** हेतु मय तीन वर्ष का दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरीयड) के हेतु सा.नि.वि. में उपयुक्त श्रेणी (न्यूनतम 'ए' श्रेणी) में पंजीकृत एवं संवेदक एवं संवेदक जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवं दूर संचार, रेलवे या अन्य राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों जो कि राजस्थान सरकार के 'ए' एवं 'एए' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित परिपत्र में मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट http://www.rajpanchayat.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in/ and www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

**विकास अधिकारी**
पंचायत समिति, रामसर जिला बाड़मेर

dipr/c/1210/2017

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

टेंडर नं.: 153-डीआरएम-एमबी दिनांक: 03.02.2017

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा **ई टेण्डर संख्या 153-डीआरएम-एमबी** जिसके बंद होने की तिथि **14.03.2017** रहेगी। उपरोक्त टेण्डर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किए जाते हैं जो उसी दिन **16.00 बजे** प्राप्त किए जाएंगें। निविदा की कीमत एवं धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगें। टेण्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कार्य का नाम** | सहायक मंडल अभियंता/हापुड़ के अधीन वरि. खंड अभियन्ता कार्य गजरौला के खंड में सब स्टैन्डर्ड मकानों में टूटे दरवाजों तथा छत एवं बरामदे की टूटी ए.सी. शीट को बदलना तथा लैटरीन, बाथरूम एवं रसोई में स्लैब डालने के प्रावधान का कार्य। | | |
| **टेण्डर टाइप** | खुली निविदा | **बिडिंग सिस्टम** | सिंगल पैकट सिस्टम |
| **टेण्डर क्लोसिंग दिनांक/समय** | 14.03.2017 16.00 बजे | **अपलोडिंग तिथि एवं समय** | 03.02.2017 17.30 बजे |
| **प्री बिड हां/ना** | ना | **प्री बिड तिथि एवं समय** | लागू नहीं |
| **अनुमानित लागत (रु.)** | 58,25,056.72 | **टेण्डरिंग सैक्शन** | मंडल अभियंता मुख्यालय |
| **बिडिंग स्टाइल** | सिंगल रेट प्रत्येक शिड्यूल के लिए | **बिडिंग यूनिट** | %age above/below/ At par |
| **धरोहर राशि (रु.)** | 1,16,510.00 | **ऑफर की वैधता** | 90 दिन |
| **टेण्डर फार्म की लागत** | 5,000.00 | **कार्य पूर्ण करने की अवधि** | 06 माह |
| **कॉन्ट्रैक्ट टाइप** | कार्य | | |
| **बिडिंग आरंभ तिथि** | 28.02.2017 | **कॉन्ट्रैक्ट केटेगरी** | एक्सपेंन्डीचर |

309/2017

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**Jubilant Life Sciences Limited**

JUBILANT LIFESCIENCES

Regd. Off.: Bhartiagram, Gajraula, District Amroha - 244 223 (U.P.) | CIN : L24116UP1978PLC004624
Website: www.jubl.com | Email: investors@jubl.com | Tel: +91-5924-252353-60 | Fax: +91-5924-252352

**Extract of Consolidated Unaudited Results for the Quarter and Nine Months ended 31 December 2016**

(₹ in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31 December (Unaudited) 2016 | 30 September (Unaudited) 2016 | 31 December (Unaudited) 2015 | 31 December (Unaudited) 2016 | 31 December (Unaudited) 2015 |
| Total income from operations (net) | 149164 | 141934 | 140059 | 436490 | 437748 |
| Net Profit/(Loss) before tax, exceptional and extraordinary items | 16610 | 19328 | 14538 | 57754 | 47325 |
| Net Profit/(Loss) before tax (after exceptional and extraordinary items) | 16648 | 19343 | 14520 | 57817 | 47404 |
| Net Profit/(Loss) after tax, exceptional and extraordinary items | 11849 | 14371 | 12162 | 42622 | 37675 |
| Total comprehensive income after tax (comprising profit/(loss) for the period after tax and other Comprehensive Income after tax) | 10957 | 9810 | 10915 | 40420 | 37596 |
| Equity share capital (Refer note 5) | 1557 | 1555 | 1553 | 1557 | 1553 |
| Earnings per share of ₹ 1 each before and after extraordinary items (Not annualized) (Refer note 5) | | | | | |
| Basic (₹) | 7.69 | 9.30 | 7.90 | 27.35 | 24.50 |
| Diluted (₹) | 7.69 | 9.29 | 7.89 | 27.33 | 24.47 |

1. Financial results for quarter and nine months ended 31 December 2016 are in compliance with the Indian Accounting Standard (Ind-AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013. Consequently, erstwhile Indian Generally Accepted Accounting Principles (IGAAP) results for the quarter and nine months ended 31 December 2015 have been restated to make them comparable. The consolidated unaudited results of Jubilant Life Sciences Limited ("the Company") and its subsidiaries (collectively known as "the Group") are prepared in accordance with principles and procedures for the preparation and presentation of consolidated accounts as set out in Ind-AS 110 "Consolidated Financial Statements" prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013. Reconciliation of net profit as reported under erstwhile Indian GAAP and as restated now under Ind-AS is as under:

(₹ in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended 31 December (Unaudited) 2015 | Nine Months Ended 31 December (Unaudited) 2015 |
|---|---|---|
| Net profit as reported earlier under erstwhile IGAAP | 11693 | 36081 |
| i) Mark-to-market gain recognition on forward contracts (Refer note i below) | - | (907) |
| ii) Incremental capitalisation of borrowing cost (Refer note ii below) | 393 | 1445 |
| iii) Others (Refer note iii below) | 131 | 531 |
| iv) Tax adjustments, net (Refer note iv below) | (55) | 525 |
| v) Minority Interest (Refer note v below) | 139 | 461 |
| **Net profit now reported under Ind-AS** | **12301** | **38136** |

i) Represents consequential change on recognition of mark-to-market gain on forward contracts in the opening retained earnings which was not permitted under erstwhile IGAAP.

ii) Represents incremental capitalization of borrowing cost by applying avoidable interest cost method on certain specific borrowings which was not permitted under erstwhile IGAAP.

iii) Others include adjustments resulting from differences in accounting for employee stock option plans, classification of actuarial gain/ loss to OCI, depreciation/ amortization on incremental capitalization of borrowing cost, changes in fair value of investments (other than investment in subsidiaries) classified as "fair value through profit or loss", etc.

iv) Tax adjustments on all above mentioned adjustments to pre-tax profit including elimination adjustments in consolidation.

v) The minority's share in losses of subsidiary accounted under "Minority interest" under Ind-AS, which under erstwhile IGAAP was accounted for by the parent, as cumulative minority's losses exceeded minority's equity.

2. As per Ind-AS 108, Operating Segments have been defined and presented based on the regular review by the Company's Chief Operating Decision Maker to assess the performance of each segment and to make decision about allocation of resources. The accounting principles used in the preparation of the financial results are consistently applied to record revenue and expenditure in individual segments.

3. i) The Company has completed on 27 January 2017, issuance of Secured Rated Listed Redeemable Non-Convertible Debentures (NCDs) aggregating to ₹ 49500 lakhs for cash at par on private placement basis. The NCDs, listed on National Stock Exchange of India, comprising four STRPPs repayable in the second, third, fourth and fifth years and having an overall yield of 8.65% per annum, are secured by a first pari passu charge to be created on all the movable fixed assets and certain immovable fixed assets, both present and future of the Company. The asset cover exceeds the 100% of the principal amount of the NCDs and the net proceeds of NCDs shall be mainly used for refinancing of existing debts.

ii) As reported earlier, during the quarter ended 31 December 2016, Jubilant Pharma Limited Singapore, a wholly-owned subsidiary of the Company, issued its rated unsecured high yield bonds (the Notes) for principle amount of US $ 300 million at a yield of 4.875% per annum, under Regulation S of the U.S. Securities Act of 1933. The Notes will mature in October 2021 and the proceeds are being used to retire the existing debts.

4. The Company has opted to publish consolidated unaudited results for the year ending 31 March 2017. The standalone unaudited results are available under Investor Relations section of our website at www.jubl.com and under Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com. Key standalone financial information of the Company is as under:

(₹ in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31 December (Unaudited) 2016 | 30 September (Unaudited) 2016 | 31 December (Unaudited) 2015 | 31 December (Unaudited) 2016 | 31 December (Unaudited) 2015 |
| Total income from operations (net) | 63801 | 60640 | 67807 | 186305 | 212927 |
| Profit/(Loss) before tax (after exceptional items) | 1700 | 3503 | 1714 | 8418 | 7256 |
| Net Profit/(Loss) after tax (after exceptional items) | 826 | 2412 | 2895 | 5336 | 8340 |

5. The Company has consolidated the accounts of Jubilant Employee Welfare Trust (Trust), consequently, total paid-up share capital of the Company amounting to ₹ 1593 lacs has been reduced by the number of shares held by the Trust and the EPS for the current period and previous periods has been reported after adjusting the unallocated shares held by the Trust. The impact of such adjustment of shares held by Trust on basic and diluted EPS for all period presented is ₹ 0.18, ₹ 0.21, ₹ 0.18, ₹ 0.60 and ₹ 0.56 for the quarters ended 31 December 2016, 30 September 2016, 31 December 2015 and nine months ended 31 December 2016, 31 December 2015, respectively.

6. The above consolidated unaudited results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 7 February 2017. The consolidated unaudited results for the current quarter and previous periods presented, have been subjected to limited review by the Statutory Auditors of the Company.

7. The above is an extract of the detailed format of the consolidated unaudited results for the quarter and nine months ended 31 December 2016 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format for the consolidated unaudited results for the quarter and nine months ended 31 December 2016 is available under Investor Relations section of our website at www.jubl.com and under Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com.

For Jubilant Life Sciences Limited

Place : Noida
Date : 7 February 2017

Hari S. Bhartia
Co-Chairman & Managing Director